So, this may be set up immediately.

Need for giving SC Status to the Bengali Community, OBC Status to Gorkha Community and Scheduled Area Status to Dharchula-Munsyari-Joshimath in Uttaranchal

श्री हरीश रावत (**उत्तरांचल**) : उपसभापति महोदय, उत्तरांचल सरकार द्वारा राज्य के बंगाली समुदाय को अनुसूचित जाति तथा जौनपुर, रवाई ,मोरी , पुरौला व प्रतापनगर क्षेत्र में रहने वाले समुदायों को पिछड़े वर्ग की केन्द्रीय सूची में सम्मिलित किए जाने का बराबर अनुरोध किया जा रहा हैं इसी प्रकार राज्य के गोरखा समुदाय को भी पिछड़े वर्ग की केन्द्रीय सूची में सम्मिलित किए जाने का अनुरोध राज्य सरकार द्वारा किया गया हैं। लंबे समय से संघर्षशील मगर प्रतीक्षारत् इन समुदायों के लोगों को उन का अधिकार यथाशीध्र प्राप्त होना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा इस संदर्भ में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गयी हैं ।

महोदय,उत्तरांचल के ही धारचूला, मनुस्यारी तथा जोशीमठ क्षेत्र में आरक्षित वर्ग की संख्या 51 प्रतिशत से अधिक हैं । नियमतः इन क्षेत्रों को शैड्यूल्ड एरिया घोषित किया जाना चाहिए ताकि इन क्षेत्रों को जन –जातीय क्षेत्र का लाभ प्राप्त हो सके ।

मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि उपरोक्त दोनों बिंदुओं पर राज्य सरकार से भेजी गई अपेक्षित सूचनाओं को आधार मानकर राज्य के बंगाली समुदाय को अनुसूचित जाति, गोरखा समुदाय सहित जौनपुर, रवाई, मोरी , पुरोला व प्रतापनगर क्षेत्र के लोगों को पिछड़ा वर्ग तथा धारचूला , मुनस्यारी , जोशीमठ क्षेत्रों को शैड्यूल्ड क्षेत्र का दर्जा प्रदान किया जाए ।

सर, ऑनरेबल मिनिस्टर यहां पर बैठी हैं । मैं आप के माध्यम से मिनिस्टर साहिबा से प्रार्थना करूंगा कि वे कम –से – कम इस का संज्ञान लें । यह मांग बहुत लंबे समय से उठ रही हैं और कम –से –कम 10 बार लोक सभा में और दो बार राज्य सभा में इसे उठाने का सौभाग्य मुझे मिल चुका है और मैं नहीं चाहता कि किसी और को यह सौभाग्य मिले ।

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी (**मध्य प्रदेश**) **:** सर, हम अपने आपको इससे सम्बद्ध करते है । हम अपने आपको इससे बाबस्ता करते हैं । हम भी मंत्री महोदया से यह कहेंगे कि इस पर जरूर ध्यान भी रखें और अगर कुछ भी हो सके तो बोल करके आश्वासन भी देने की कृपा करें ।

مولانا عبیداللہ خان اعظمی "مدھیہ پردیش": سر، ہم اپنے آپ کو اس سے سمبدہ کرتے ہیں۔ ہم اپنے آپ کو اس سے وابستہ کرتے ہیں۔ ہم بھی منتری مہودے سے یہ کہیں گے کہ اس پر ضرور دھایان بھی رکھیں اور کچھ ہو سکے تو بول کر کے آشواسن بھی دینے کی کرپیہ کریں۔

श्री हरीश रावत (उत्तरांचल) : मैं अपने दोस्त का बहुत शुक्रगुज़ार हूं और मैं चाहता हूं कि मुझे मंत्री जी का भी शुक्रिया अदा करने का मौका मिल जाए ।वे ध्यान तो दे रही हैं, लेकिन मुहँ से कुछ कह नहीं रही हैं । ...(**व्यवधान**) ...यदि आप कुछ कह दें.डायरेक्शन दे दें तो माननीय मंत्री महोदया कुछ कहें ।

श्री उपसभापति : डायरेक्शन नहीं, अगर वे चाहें तो इस पर रिएक्ट कर सकती हैं ।

श्री राम नाथ कोविन्द (उत्तर प्रदेश) : सर, एक –एक करके और लोग निवेदन करेंगे तो शायद मंत्री जी जरूर कहेंगी ।

श्री हरीश रावत : आप भी मेरे इस निवेदन में सम्मिलित हैं न ।

श्री राम नाथ कोविन्द : पहले आप की तरफ से लोग खड़े हों, तब हम भी निवेदन करते हैं ।

मौलाना ओबैदुल्लाह खान आज़मी : हम सभी लोग इनसे यह निवेदन कर रहे हैं ।

مولانا عبداللہ خان اعظمی: ہم سبھی لوگ ان سے یہ نویدن کر رہے ہیں۔

श्री हरीश रावत : अब मीरा जी भी कुछ कह दें ,तो बड़ी कृपा होगी । I am thankful sir.

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री (श्रीमती मीरा कुमार) : उपसभापति जी, माननीय सांसद जी ने जो कहा है और उनके साथ दो सम्मानित सांसदों ने भी अपने को सम्बद्ध किया हैं, जो भी इन्होंने कहा हैं, इसको मैंने पूरे ध्यान से सुना हैं । इस बारे में मुझे पहले से भी जानकारी हैं और यह हमारे मंत्रालय के पास विचाराधीन है। इस पर जो भी यथोचित कार्रवाई है, वह हम लोग करेंगे । ...(**व्यवधान**)..

SHRISHANTARAM LAXMAN NAIK (Goa): All pending cases should be taken up. ..*(Interruptions)...*

MATTERS RAISED WITH PERMISSION-Confd.

Need to Provide Chambers for Advocates in the proposed New Court Complexes

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली) : सर, मैंने आपसे समय मांगा था कि दिल्ली में वकीलों की हड़ताल चल रही हैं । ...(**व्यवधान**) ...एक मिनट मेरी बात सुनिए, सर । ...(**व्यवधान**) ...आप बताइए सर, उनका क्या कुसूर हैं । ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : ये दिल्ली वाले हैं, इनको तो सुनना पड़ेगा ।